<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**09 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस 2026 का किया शुभारम्भ। कहा– समृद्ध किसान से साकार होगी विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना।
- केन्द्रीय कैबिनेट ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को दी मंजूरी। अब किसानों के लिए रियायती, किफायती और उचित कीमतों पर हो सकेगी उर्वरकों की उपलब्धता।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर मंत्रियों के समूह की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। कहा–देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुगम बना रही है सरकार।
- प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जनगणना–2027 के प्रथम चरण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पहले चरण की तैयारी पूरी करने के लिए दिये आवश्यक दिशा–निर्देश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस–दो हजार छब्बीस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब किसान समृद्ध होगा। श्री योगी ने कहा कि राज्य ने कृषि विकास दर को आठ प्रतिशत से बढ़ाकर लगभग अट्ठारह प्रतिशत तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री ने कृषि में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष बल दिया।

**अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा, समाज खुशहाल होगा और इसके लिए हमें कहीं एक जगह सहारा मिलती है तो वह है सबसे पहला है टेक्नोलॉजी, टेक्नोलॉजी पर आधारित नेक्स्ट जनरेशन फार्मिंग। कैसे हम इस दिशा में कार्य कर सकते हैं, टेक्नोलॉजी और डाटा से संचालित आज के इस युग में हम अपने अन्नदाता किसान को कैसे जोड़ सकते हैं इसके बारे में।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**अन्नदाता किसान या बटाईदार या उसके परिवार के किसी सदस्य के दुर्घटना की चपेट में आने पर उसको तत्काल कंपनसेशन देने की व्यवस्था हम करते हैं और उसके लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत हम उसे 5 लाख की धरनाशि तत्काल उपलब्ध करवाते हैं पीड़ित परिवार को।**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना दो हजार पचीस–छब्बीस' के तहत पन्द्रह वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। वहीं, वर्ष दो हजार पचीस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान अकादमी के तीस वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में पचहत्तर हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन को सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तर प्रदेश को रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में एक सशक्त और विश्वसनीय पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ मौसम दो हजार छब्बीस के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर इकतालीस हजार पांच सौ चौंतीस करोड़ रुपये की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दे दी । नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल कहा कि इस फैसले से किसानों को रियायती, किफायती और उचित कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सब्सिडी पिछले खरीफ मौसम में दी गई सब्सिडी से चार हजार तीन सौ सत्रह करोड़ रुपये अधिक है।

**खरीफ सीजन के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी स्कीम में 41534 करोड़ रूपीज का सब्सिडी का पैकेज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कोविड हो चाहे वेस्ट एशिया में कनफ्लिक्ट हो, किसान भाइयों के लिए हमेशा एक तरीके से सेफ्टी शील्ड बनके खड़े हुए हैं और किसी भी तरह के फर्टिलाइजर में ऑप्स एंड डाउन्स जो भी आए कभी उसका प्रभाव हमारे किसानों पर पडने नहीं दिया है।**

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल तथा किसानों के लिए उर्वरक की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कल नई दिल्ली में पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर मंत्रियों के समूह की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के मद्देनजर उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सरकार देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुगम बना रही है। वहीं, नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर

आयोजित अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर कोयले की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है और कोयले का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। इस मौके पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

**घरेलू एलपीजी की सप्लाई नॉर्मल है। सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक अवेलेबल है, कहीं कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है। लगभग 95 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और लगभग 91 प्रतिशत रिफिल की डिलीवरी डीएससी कोड के साथ हो रही है। और यह 91 परसेंट जो फिगर है वो ये इंश्योर करता है कि डायवर्सन ना हो।**

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ जनगणना–दो हजार सत्ताइस के प्रथम चरण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनगणना दो हजार सत्ताइस के पहले चरण की तैयारी पूरी कर लें। भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनगणना को जन–जन की भागीदारी से जोड़ा जाए तथा इसे एक जन–अभियान बनाया जाए, ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

पहली बार जनगणना में स्व–गणना का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में स्व–गणना पोर्टल सात मई से इक्कीस मई तक उपलब्ध रहेगा। इस पर कोई भी नागरिक अपने परिवार की जानकारी स्वयं भर सकेगा।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश भर में आज से बेमौसम बारिश से राहत के संकेत दिये हैं, हालांकि पूर्वी जिलों में आज भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। रायबरेली जिले से कल रात अचानक तेज आंधी पानी के साथ ओले पड़ने की भी खबर है। वहीं गोरखपुर और आसपास के पूर्वी जिलों में कल से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल दिन में बूंदाबांदी हुई।

इस बीच, असमय बारिश, ओला पड़ने और कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी की फसलों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कल लखनऊ में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता से किसानों के साथ खड़ी है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से प्रत्येक जनपद को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

मौसम विभाग ने बारिश के बीच प्रदेश के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट के बाद आज से अगले छह दिनों में अधिकतम तापमान में आठ से दस डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है।

**********